मध्य प्रदेश के धार में पीएम मित्र मेगा एकीकृत टेक्सटाइल पार्क होगा स्थापित

चर्चा में क्यों?

17 मार्च, 2023 को मध्य प्रदेश के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगाँव ने बताया कि केंद्र सरकार ने देश के 7 राज्यों में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क को मंजूरी दी है जिसमें से एक मध्य प्रदेश के धार ज़िले में स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।

प्रमुख बिंदु

- मेक इन इंडिया को बढ़ावा देते हुए केंद्र सरकार ने देश के 7 राज्यों में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क को मंजूरी दी है। पीएम मित्रा मेगा टेक्सटाइल पार्क तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में स्थापित किये जाएंगे।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बारे में ट्वीट करते हुए कहा है कि **PM MITRA** मेगा टेक्सटाइल पार्क **5F** (फार्म टू फाइबर टू फैक्ट्री टू फैशन टू फॉरेन) विज़न के अनुरूप कपड़ा क्षेत्र को बढ़ावा देगा।
- पीएम मोदी ने इसे मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड का बेहतरीन उदाहरण बताते हुए कहा कि पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क कपड़ा क्षेत्र के लिये अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचा प्रदान करेगा, करोड़ों का निवेश आकर्षित करेगा और लाखों रोज़गार पैदा करेगा।
- औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगाँव ने कहा है कि **5F** विज़न से विदेशों तक हम अपने कपड़ा उद्योग का विस्तार कर सकेंगे। पूरी प्रक्रिया में पहले खर्च बढ़ता था और समय की बरबादी भी होती थी, लेकिन अब एक ही जगह टेक्सटाइल पार्क होने पर इस पर रोक लगेगी।
- पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क के ज़रिये कपड़ा संबंधी संपूर्ण कार्य यानी कपड़ा तैयार करने से लेकर उसके एक्सपोर्ट तक के सभी कार्य एक ही स्थान पर हो सकेंगे। इसमें लगभग 4425 करोड़ रुपए का निवेश होगा।
- यह निर्णय टेक्सटाइल सेक्टर में निवेश को बढ़ावा देने और रोज़गार के अनेक अवसर सृजित करने में मददगार साबित होगा। इससे 14 लाख रोज़गार के अवसर पैदा होंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-mitra-mega-integrated-textile-park-to-be-set-up-in-dhar,-madhya-pradesh